तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

14 अधिकारी व मैदानी अमले के समन्वित प्रयास के...



14 जनकपुर मिर्चीपारा के बाद अब डोंगरगांव...





## खबर संक्षेप



### भानुप्रतापपुर की निधि गोगड़ का हुआ सम्मान

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर निवासी निधि गोगड़ वर्ष 2024 की 12 वीं की परीक्षा में मेरिट सूची में टॉप 10 में स्थान बनाने में सफल रही। उनकी इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ मंडपम में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव सायद्वारा प्रशस्ति पत्र एवं डेढ़ लाख रुपए प्रोत्साहन राशि सीधे उनके खाते में प्रदान की गई है। निधि गोगड़ बचपन से ही प्रतिभावान छात्रा रही है। वह भानुप्रतापपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी उत्तमचंद गोगड़, निर्मला देवी गोगड़ की पोती एवं रवि कुमार गोगड़, रेणुका गोगड़ की पुत्री है।

### छात्राओं की जिंदगी में आया सकारात्मक परिवर्तन



**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उमावि लोहत्तर में सरस्वती सायकल योजना के तहत 18 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य विकास राजू नायक ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना ने कई छात्राओं की जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। सरपंच बसंती भालेश्वर, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, ग्राम शेष पेज 12 पर

**हादसा : चालकों की लापरवाही के कारण कांकेर जिला में हो रहीं सड़क दुर्घटनाएं**

# आमाबेड़ा खतरनाक मोड़ पर बांदे से जगदलपुर जाती बस पलटी, 32 घायल और 11 सवारी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

आमाबेड़ा क्षेत्र के पास स्थित एक खतरनाक मोड़ पर सोमवार 29 जनवरी को 45 सीटर यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस भीषण हादसे में बस में सवार 32 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 8 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कांकेर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज आमाबेड़ा अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार यात्री बस क्रमांक सीजी 19 एफ 4500 बांदे से अंतागढ़ होते हुए जगदलपुर की ओर जा रही थी। सवारी बस 29 जनवरी की सुबह साढ़े 10 बजे आमाबेड़ा के समीप बांधा मोड़ पर पहुंची, चालक अचानक बस से नियंत्रण खो बैठा। मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण बस असंतुलित होकर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। हादसे के तुरंत बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए बस के अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी दौरान आमाबेड़ा पुलिस को हादसे की जानकारी दिया और जानकारी मिलते ही आमाबेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों से आमाबेड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया।





## गंभीर सवारियों का कांकेर मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

### घायलों के सिर, हाथ-पैर और कमर में गंभीर चोट

कांकेर रोडवेज की 45 सीटर बस में एक्सीडेंट के दौरान 32 सवारी बैठी हुई थी, जिसमें सभी को चोट आई। पुलिस एवं राहगीर ने सभी को आमाबेड़ा के अस्पताल में पहुँचाया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल 11 यात्रियों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए कांकेर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, कुछ घायलों को सिर, हाथ-पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं।

### बस में सवार रहे यह यात्री

बस में सवार यात्रियों में पुष्पा मंडल परतापुर, सावित्री नाग पखांजुर, अहिल्या जैन भिंगीडार, समारू निषाद भनसूली, विजय तिर्की बेलोण्डी, फार्मसिंक मिंज बेलोण्डी, संजना नेगी कोयलीबेड़ा, रविना देहारी बारदा, रामदास कापसी, सुमिन बानिक कापसी, अनीता मंडल उमरकोट, विनोता समा उमरकोट, समीर मंडल पीव्ही 123, रेखा सरकार पीव्ही 67, अर्चना मजूमदार पीव्ही 126, सुप्रिया व्यापारी जगदलपुर, श्रेया व्यापारी जगदलपुर, कामन हालदार पखांजुर, असीम विश्वास नेगानाग, प्रेमू मिंज बेलोण्डी, नित्या भिंगीडार, दामिनी भिंगीडार, सुखियाबाई बड़गांव, भरत सिंह राठौरा रायपुर, बहादुर कश्यप लोंहडीगुड़ा, त्रिवेड़ नेगी जिरामतराई, वीरेंद्र नेगी जिरामतराई, मानसाय मिंज आकमेटा, नमिता कोयलीबेड़ा, इशगत कोयलीबेड़ा, मुन्ना नेताम बड़गांव, सुखिया बड़गांव शामिल थे।

## भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग पर तीन ट्रकों में भिड़ंत, केबिन में दो घंटे फंसा रहा चालक

**भानुप्रतापपुर।** जिले के भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग पर गुरुवार 29 जनवरी को सुबह-सुबह एक हादसा हो गया, जिसमें जहां एक हाईवा और दो ट्रक आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार अंतागढ़ की ओर लौह अयस्क लेकर जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 21 जे 7054 के चालक को झपकी आ गई। नियंत्रण खोने पर सड़क किनारे खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएफ 3329 से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सामने खड़ा ट्रक अपने आगे खड़े दूसरे ट्रक से भी भिड़ गया। गनीमत रही कि सामने खड़े दोनों ट्रकों में कोई चालक या अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जान-माल की क्षति टल गई। ट्रकों की टक्कर के बाद घायल ड्राइवर हाईवा के केबिन में बुरी तरह फंस गया। मौके पर पहुंची भानुप्रतापपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कटर और अन्य संसाधनों की सहायता से चालक को बाहर निकाला और तत्काल भानुप्रतापपुर के अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। दुर्घटना के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। हादसे के समय ट्रक में एक लड़की भी मौजूद थी। भानुप्रतापपुर पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। उप निरीक्षक राम प्रसाद सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। घायल चालक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामले की जांच जारी है।






**हाईवा चालक दो घंटे तक फंसा रहा, हालत गंभीर**

# नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम हुई, 9 शक्तिशाली आईईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से कुल 09 नग शक्तिशाली प्रेसर कुकर आईईडी, फटाका बम तथा अन्य नक्सल सामग्री बरामद कर क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत किया है। इस कार्रवाई से नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों और आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की योजना पर पानी फिर गया। आयोजित अभियान पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुन्दरराज पी., बीएसएफ महानिरीक्षक सेक्टर भानुप्रतापपुर विपुल मोहन बाला के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार तथा 94वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे के सेनानी राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 29 जनवरी को ग्राम कलपर थाना क्षेत्र के जंगल-पहाड़ी इलाके में सघन तलाशी अभियान के दौरान 06 नग प्रेसर कुकर आईईडी प्रत्येक का वजन लगभग 05-05 किलोग्राम, फटाका बम और 23 जनवरी को डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम ने ग्राम मोदेमरका के कोटरी नदी किनारे सर्चिंग के दौरान 03 नग प्रेसर कुकर आईईडी के अलावा इलेक्ट्रिक वायर एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई। सुरक्षाबलों ने अत्यंत सतर्कता और पेशेवर तरीके से सभी आईईडी को मौके पर ही डिफ्यूज कर सुरक्षित रूप से नष्ट किया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि या बलों को नुकसान होने से बचाया जा सका। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ कर दी गई है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि थाना छोटेबेठिया में शेष पेज 12 पर

# नर्सरीपारा की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा पंचायत की सूचना के बाद भी विभाग सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



सरोना में नर्सरीपारा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित शासकीय भवन के आसपास की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, जिस भूमि का उपयोग केवल विभागीय कार्यों के लिए होना चाहिए, वहां कुछ लोगों द्वारा धीरे-धीरे अतिक्रमण किया जा रहा है।

जानकारी के अनुयसार अवैध कब्जा कोई नया नहीं है, बल्कि लंबे समय से जारी है। शुरुआत में छोटे स्तर पर अस्थायी निर्माण किए गए, लेकिन समय के साथ इनका दायरा बढ़ता गया। शासकीय भवन के चारों ओर लोक निर्माण विभाग की भूमि पर निजी उपयोग, घेराबंदी और अस्थायी ढांचे खड़े किए जाने की गतिविधियां अब खुलेआम देखी जा रही हैं। इससे शासकीय परिसर की सुरक्षा और उपयोगिता दोनों पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पंचायत विभाग ने इस मामले को संज्ञान में लिया और इसकी लिखित जानकारी राजस्व विभाग को भेजा है। पंचायत विभाग का स्पष्ट कहना है कि संबंधित भूमि शासकीय अभिलेखों में लोक निर्माण विभाग के नाम दर्ज है और इसका उपयोग केवल सरकारी उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है। ऐसे में किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा कब्जा किया जाना नियमों का सीधा उल्लंघन है। पंचायत द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने भी चिंता जताते हुए कहा है कि शासकीय जमीन पर अतिक्रमण से क्षेत्र में अव्यवस्था बढ़ रही है। यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

तहसीलदार एमके साहू ने बताया कि उन्हें अवैध कब्जे की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राजस्व रिकॉर्ड की गहन जांच के साथ मौके पर निरीक्षण कराया जाएगा। यदि जांच में अवैध कब्जा पाया जाता है, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जाँच रिपोर्ट में लापरवाही उजागर होने पर आरएचओ पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



आरएचओ की लापरवाही पर उबाल, बच्चों की बिगड़ी तबीयत

स्कूल के पास एक्सपायरी दवाइयां जलाईं सशिमं की आठ छात्राएं अस्पताल में भर्ती



जिले के कोयलीबेड़ा ब्लॉक से स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ की लापरवाही से दो माह पहले

- बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों का उल्लंघन पड़ा मंहगा

एक्सपायरी दवाओं को खुले में जलाने से निकले जहरीले धुएं ने स्कूली बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया था, जिसके बाद विभाग ने जाँच टीम बनाया। जाँच रिपोर्ट आने के उपरांत लापरवाही बरतने वाले आरएचओ को विभाग ने निलंबित कर दिया। विदित हो कि 1 दिसंबर 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे पीव्ही 43 स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष) विवेक बढ़ाई द्वारा केंद्र परिसर में ही एक्सपायरी दवाओं और उनके खाली डिब्बों में आग लगा दी थी। स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बाजू में पुराने भवन में सरस्वती शिशु मंदिर संचालित है, जहां कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। दवाओं के जलने से उठा दमघोंटू और जहरीला धुआं सीधे स्कूल के शेष पेज 12 पर

### हरिभूमि ने प्रमुखता से संज्ञान में लाया था

हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखत से प्रशासन के संज्ञान में लाया था, उसके उपरांत कलेक्टर के निर्देश पर एक जांच टीम गठित की गई। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट हुआ कि कर्मचारी विवेक बढ़ाई द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम का घोर उल्लंघन किया गया है और उनकी लापरवाही से स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य खराब हुआ था।

### सीएमओ ने किया निलंबित

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने आदेश जारी करते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष) विवेक बढ़ाई को सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नरहरपुर निर्धारित किया गया है।

**विधायक, एसपी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने छात्रों के कार्य को सराहा**

# रंगों की भाषा में स्कूली छात्रों ने समझाया यातायात नियम और सुरक्षा के महत्व को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर






सड़क सुरक्षा सप्ताह के 29 वें दिन 29 जनवरी को यातायात पुलिस के आयोजन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर की दीवारें रंग-बिरंगे सुरक्षा संदेशों से सज उठीं। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने रंगों और कल्पनाशीलता के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। यह दृश्य न केवल आकर्षक था, बल्कि आमजन को यातायात, साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सोचने के लिए प्रेरित करता दिखा। 37 वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। वॉल पेंटिंग कार्यक्रम में कांकेर शहर के विभिन्न विद्यालयों जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल, केंद्रीय विद्यालय, पीएमश्री नरहरदेव विद्यालय, पैराडाइज स्कूल, कन्या आश्रम सिंगारभाट एवं महिला आईटीआई कांकेर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की दीवारों पर यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े संदेशों को चित्रों के माध्यम से उकेरा। वॉल पेंटिंग के माध्यम से आम नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि शराब सेवन कर वाहन न चलाएँ, हेलमेट व सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, सड़क संकेतों का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और तेज गति से वाहन न चलाएँ। इसके साथ ही साइबर अपराध से बचाव एवं महिला सुरक्षा जैसे विषयों को भी प्रभावशाली चित्रों के जरिए दर्शाया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 110 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर वॉल पेंटिंग कार्य को पूर्ण किया। विधायक आशाराम नेताम एवं अन्य अतिथियों ने वॉल पेंटिंग कर रहे बच्चों से संवाद किया। विधायक ने कहा कि यह आयोजन न केवल एक कला प्रतियोगिता था, बल्कि समाज में सुरक्षा और जिम्मेदारी की भावना जागृत करने की एक सार्थक पहल बनकर उभरा है।

छात्रों की प्रतिभा का अवलोकन मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने किया। सभी अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### पेंटिंग आम नागरिकों के लिए प्रेरणादायक

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने इस संबंध में हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि यह वॉल पेंटिंग कार्यक्रम केवल एक कला गतिविधि नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का प्रभावी माध्यम है। कांकेर शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगों के जरिए सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर जो संदेश दिए हैं, वे आम नागरिकों के लिए प्रेरणादायक हैं। इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों में न केवल सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है, बल्कि वे स्वयं भी सुरक्षित व्यवहार को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

# महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी, आरोप पर अपराध दर्ज



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत एक महिला सिलाई कर्मी के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगा है। पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम को लेकर थाना चारामा में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लिलेझर निवासी 28 वर्षीय हिरौंदी रावटे पिता धर्मेन्द्र रावटे ने पुलिस को बताया कि मैं सिलाई का कार्य कर अपना जीवन यापन करती हैं और एमए तक शिक्षित हूँ। मैं 27 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 3.30 बजे ग्राम सुरही, थाना नरहरपुर स्थित उपेन्द्र वट्टी के घर गई थीं। पीड़िता के अनुसार, घर पहुंचते ही उपेन्द्र वट्टी की भाभी अनिता वट्टी ने बिना किसी कारण के गाली-गलौज शुरू कर दी। उस समय वहां तीन अन्य महिलाएं भी मौजूद थीं।पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान उपेन्द्र वट्टी के बड़े भाई छोटूराम वट्टी भी वहां आ गए और कहने लगे कि यहाँ क्यों आई हो, ऐसा कहते हुए गालियाँ देने लगे। विवाद बढ़ने पर अनिता वट्टी ने अचानक मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान मेरे पेट में चोट आई तथा सिर के बाल पकड़कर खींचे जाने से सिर में तेज दर्द होने लगा। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने उसे दोबारा घर आने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पीड़िता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि आगे उसके साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके लिए यही लोग जिम्मेदार होंगे। घटना से भयभीत पीड़िता ने थाना प्रभारी थाना चारामा के समक्ष लिखित आवेदन देकर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### बस्तर पंडुम में दुर्गूकोंदल का दबदबा जनजातीय प्रतिभाओं ने रचा इतिहास

**दुर्गुकोंदल।** जिला स्तरीय बस्तर पण्डूम 2026 में दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के प्रतिभागियों ने अपनी कला और परंपराओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांच प्रमुख विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक सफलता हासिल की। जनजातीय गीत चाहचाड़ में संतु सलाम रमेश दुग्गा एवं साथी, जनजातीय नाट्य कोड़ेकुर्से में नम्रता एवं साथी, जनजातीय वेशभूषा प्रदर्शन में पूनम मरकाम, जनजातीय आभूषण प्रदर्शन में जनिता मरकाम तथा जनजातीय शिल्प प्रदर्शन में ओम प्रकाश ने निर्णायकों को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। इस प्रकार दुर्गुकोंदल विकासखण्ड ने जिला स्तर पर जनजातीय गीत, नाट्य, वेशभूषा, आभूषण एवं शिल्प प्रदर्शन जैसी पांच विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर बस्तर जनजातीय संस्कृति की सशक्त पहचान प्रस्तुत की।

### बैंड-बाजे, आतिशबाजी और जयघोष के बीच भगवान बालाजी की निकली भव्य बारात



**जगदलपुर।** बालाजी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के चौथे दिन भीष्म एकादशी के पावन अवसर पर महाअभिषेक और श्रीनिवास कल्याणम की प्रमुख रस्में परंपरागत विधि-विधान के साथ संपन्न हुईं। शाम को प्रतापदेव वार्ड स्थित मद्दी सप्तगिरि तथा दादाबाड़ी के समीप निवास से भगवान की पूजा-अर्चना के उपरांत बारात निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ निकली बारात में भक्तगण भक्ति-भाव में डूबकर जमकर नाचे। बस्तर अंचल के अलावा रायपुर, दुर्ग, भिलाई, चरौदा, कोरबा, बिलासपुर, चिरमिरी सहित आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिन्हें देखते हुए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएँ की गईं। देर शाम मंदिर पहुंचने पर श्रीनिवास कल्याणम की पूजा प्रारंभ हुई, जो रात 12 बजे तक चली। पंडितों की उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मंत्रोच्चार और वर-वधु पक्ष के संवादों के बीच भगवान श्रीनिवास और माता लक्ष्मी का विवाह संस्कार भक्तों के समक्ष संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन में अनुशासन, व्यवस्था और आध्यात्मिक गरिमा बनी रही। इस दौरान श्रीनिवास कल्याणम विधान में वर और वधू पक्ष की भूमिका सप्तगिरि मद्दी परिवार और के. आदिनारायण राव परिवार ने निभाई।

### एनएच में सड़क से उतरी कार, वकील का टूटा पैर

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित फरसागुड़ के करीब गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में शहर के युवा वकील घायल हो गए। बताया जा रहा है कि जगदलपुर से कोण्डागांव जाने के दौरान कार पुल से टकराकर सड़क से उतरकर गहराई में चली गई। हादसे में कार सवार के पैर में गंभीर चोटें आईं है। जानकारी के मुताबिक शहर के हाईस्कूल रोड निवासी अधिवक्ता अभय शुक्ला किसी काम से जगदलपुर से कोण्डागांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भानपुरी थाना क्षेत्र के फरसागुड़ा मुख्य मार्ग में पुलिया से टकराकर कार सड़क से उतरकर गहराई में चली गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में पुल के डिवाइडर से टकराकर कार का पहिया भी बाहर निकल गया। घटना की सूचना तत्काल भानपुरी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस व राहगीरों की मदद से घायल वकील अभय शुक्ला को बाहर निकाला गया। तत्काल उन्हें उपचार के लिए भानपुरी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां उनका उपचार जारी है।

**पर्व :** गणतंत्र दिवस पर सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में भव्य कार्यक्रम हुए

# शहीदों की मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पे मिटने वालों का बस यही निशां होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



भारत के पावन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर 28 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के परिसर में राष्ट्रभक्ति, सेवा और सामाजिक समर्पण से ओत-प्रोत भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। उपस्थित जनसमूह में राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था, एकता और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। जैसे-जैसे राष्ट्रगान की गूंज के बीच तिरंगा आसमान की ऊँचाइयों को छूता गया, वैसे-वैसे उपस्थित प्रत्येक हृदय देशप्रेम, गर्व और कर्तव्यबोध से भरता चला गया। ध्वजारोहण उपरांत नागरिक कल्याण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अवसर वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के द्वितीय चरण के अंतिम दिवस के रूप में भी ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण महिलाओं, विभिन्न विद्यालयों से आई छात्राओं तथा बलकर्मियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। गांव की टीमों के मध्य आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता व महिलाओं की कुर्सी दौड़ ने युवाओं में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का सशक्त संदेश दिया। इसी क्रम में आसपास के गांवों की महिलाओं के लिए आयोजित 30 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कोर्स का सफल समापन भी किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को सौंदर्य किट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर भविष्य की ओर सशक्त रूप से अग्रसर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत कोनदा, कुंहचे, अंतागढ़, कुरसेल, गोंडबिनापाल, तरलकट्टा, कलगांव, कट्टापारा एवं जैतपुरी गांवों के लाभार्थियों को विभिन्न आवश्यक सामग्री वितरित की गई। किसानों को कृषि यंत्र, समाज एवं समिति के अध्यक्षों को सोलर लाइट एवं बड़े बर्तन, युवाओं को खेल सामग्री, छात्र–छात्राओं को कॉपी-कलम तथा विद्यालयों को शैक्षणिक एवं उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम ने कहा वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि वह प्रेरणा है जिसे गुनगुनाते हुए स्वतंत्रता सेनानियों ने फांसी के फंदों को भी चूम लिया। सशस्त्र सीमा बल केवल देश की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास, महिला सशक्तिकरण और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

इस दौरान बल के सदस्यों, ग्रामवासियों एवं बच्चों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य पर एक साथ कदम थिरकाए जो एकता, सहभागिता और सामुदायिक सौहार्द की एक प्रेरणादायक मिसाल बन गया।



### बाहनापानी को मिला 55 इंची स्मार्ट टीवी गणतंत्र दिवस पर शिक्षा के लिए योगदान

**नरहरपुर।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर संकुल कोचवाही अंतर्गत माध्यमिक शाला बाहनापानी में एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को 55 इंच का सनसुई स्मार्ट टीवी भेंट किया गया, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने में सहायता मिलेगी। यह स्मार्ट टीवी कुमारी नेपिका जुर्री के प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित होने की खुशी में उनके पिता शोभाराम जुर्री, जो कि शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, तथा पूर्व उप सरपंच संजय ध्रुव के द्वारा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इस दौरान दानदाताओं ने विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन के कारण ही आज ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बड़े शैक्षणिक संस्थानों में चयनित हो रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मर्रामपानी की प्रगाशा नरेटी ने पूर्व में प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और बच्चों को निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे मजबूत माध्यम है और इस दिशा में विद्यालय एवं शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान गत शैक्षणिक सत्र में कक्षा सातवीं में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाली छात्रा जिज्ञासा को भी शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों के इस सहयोग और सहभागिता के लिए प्रधान पाठक मोहित साहू एवं वीरसिंह नेताम सहित शिक्षकगण कुन्दन लाल साहू, मोतीलाल साहू, मुकेश तारम, कांता प्रसाद कंवर तथा अंजली आर्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुन्दन लाल साहू के द्वारा किया गया।

### सुन्नी मोमिन जमात खाना में मनाया गणतंत्र दिवस, किया ध्वजारोहण

**कांकेर।** भंडारीपारा रोड स्थित सुन्नी मोमिन जमात खाना में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरत मटियारा का सुन्नी मोमिन जमात खाना के अध्यक्ष आदिल अली ने शाल एवं नारियल से स्वागत किया। भरत मटियारा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा पत्रकारों के समक्ष अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय एकता पर बल दिया। 26 जनवरी के इस प्रजातांत्रिक महापर्व में झंडा फहराने के मौके पर सुन्नी मोमिन जमात खाना के अध्यक्ष सैय्यद आदिल अली , जनसहयोग समाजसेवी संस्था अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद शब्बीर रंगरेज़, आमीन अली, मोहम्मद इरशाद, शमीम खान, मुजीब खान, दानिश खान, मोहम्मद इरफ़ान, असलम खान के अलावा आसपास के सभी नागरिकों ने अपनी उपस्थिति देकर इस महापर्व को बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में उत्साह पूर्वक संपन्न किया।



## विधायक कप क्रिकेट के समापन पर विधायक ने बढ़ाया हौसला



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय मनोज सिंह मंडावी की स्मृति में जय मां शीतला क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम कोकड़े द्वारा आयोजित विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्रिकेट आज विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान मैदान में जो रोमांच, जज्बा और खेल भावना देखने को मिली होगी, वह निश्चित ही अविस्मरणीय रही होगी। सभी टीमों ने जीत के लिए जी-तोड़ मेहनत की और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए उपविजेता टीम की भी सराहना की और कहा कि हार-जीत से कहीं अधिक महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की भागीदारी है। खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क, संयम और हार से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यही मूल्य जीवन में भी सफलता की नींव रखते हैं। विधायक ने आयोजन से जुड़े सभी साथियों, खेल प्रेमियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर सियाराम उइके, सुनाराम तेता, दिलेश्वरी दर्रो, सुनील बबला पाढ़ी, महेंद्र सोनवानी, मुकेश्वरी कश्यप, मोतीराम दर्रो, मंशाराम दर्रो, धनीराम दर्रो, लादूराम दर्रो, धरमसिंह बेसरा, संतोष कोरेटी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## धान खरीदी की तिथि बढ़ाने व मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर धरना आज

**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल द्वारा किसानों की धान खरीदी की तिथि बढ़ाने तथा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। यह धरना आज शुक्रवार 30 जनवरी को प्रातः 12 बजे दुर्गुकोंदल तहसील कार्यालय के सामने आयोजित किया जाएगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई एवं सुखचंद प्रजापति, उदय पुरामे द्वारा तहसीलदार दुर्गूकोंदल को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया कि किसानों की धान खरीदी की अवधि बढ़ाई जाए एवं मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने के प्रयासों का विरोध किया जाए। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि समय पर धान खरीदी नहीं होने से किसान परेशान हैं, वहीं मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण मजदूरों को मिलने वाला रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनेश नरेटी ने सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, छात्र कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी एवं किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों, सदस्यों, मंडल, सेक्टर, बूथ पदाधिकारियों एवं समस्त किसान भाइयों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शासन विरोधी कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## विधायक ने गुरदाटोला को दी विकास की सौगात,सामुदायिक भवन लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत काराकी के आश्रित ग्राम गुरदाटोला में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी द्वारा ग्रामीणों को विकास की बड़ी सौगात दी गई। विधायक ने यहां 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए इसे ग्रामवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है, जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक ने ग्राम गुरदाटोला में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए तथा तालाब के पास चबूतरा सह शेड निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए की घोषणा भी की।

इन घोषणाओं से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बन गया और उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जवाहर ठाकुर, गोपी बढ़ाई, आनंद तेता, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, निर्मला कोवाची एवं सविता उइके, धनसिंह पुंगाटी, अश्वन चनाप, नरोत्तम प्रजापति, फुलेश्वरी रावटे, श्याम कुमार रावटे, सुरजू राम कोवाची, किशोर कोवाची, रतनसिंह कोवाची, महत्तम दुग्गा, रजमन कोवाची, रघुनंदन गोस्वामी, नारायण पटेल, सियाराम दर्रो, सोमदेव कोरेटी, दीनदयाल पटेल, संतुराम चनाप, भागवत रावटे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## उपार्जन केंद्र पापनपाल में अनियमितता खरीदी प्रभारी और ऑपरेटर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला विपणन अधिकारी एवं तहसीलदार बीजापुर ने उपार्जन केंद्र पापनपाल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर खरीदी प्रभारी एवं ऑपरेटर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर 27 जनवरी को तहसीलदार पंचराम सलामे, जिला विपणन अधिकारी तामेश सिंह नागवंशी, सहकारिता निरीक्षक एवं खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम ने केंद्र का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में 384 क्विंटल धान कम पाया गया। यह भी सामने आया कि धान का स्टेक सही तरीके से नहीं लगाया गया था, जिससे बोरों की गणना में गड़बड़ी पाई गई। इसके अलावा गेट पास में खरीदी प्रभारी ने स्वयं का फोटो लिया था जो नियमों का उल्लंघन है। स्टेकिंग व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण भंडारण एवं लेखा-जोखा सही ढंग से नहीं हो पा रहा था।



### इमली की आवक शुरू मंडी में दिखी रौनक

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के मंडियों में इमली सीजन की शुरूआत के साथ ही आवक देखने को मिल रही है, जिससे व्यापार में रौनक लौट आई है। फरवरी और मार्च के दौरान इमली की फसल पकने पर आवक तेज होगी। कृषि उपज मंडी में पिछले कुछ दिनों से इमली की आवक शुरू होने से एक बार फिर मंडी की रौनक आ गई है, छोटे व्यापारियों के साथ हमालों ने राहत की सांस ली है। बस्तर में इमली की पैदावार बहुतायत से होती है और अभी तक जिले के साप्ताहिक बाजार में लगभग 15-20 क्विंटल से अधिक की खरीदी की जा चुकी है।

## माकड़ी में ढाबा संचालक व साथियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज



**कांकेर।** माकड़ी क्षेत्र से एक गंभीर मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है, जहां मामूली बात को लेकर ढाबा संचालक और उसके साथियों ने एक मैकेनिक के साथ गाली-गलौच, मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

जानकारी केअ नुसार पंकज कुमार यादव पिता दयानंद यादव, निवासी लोधीपुर जिला अमेठी (उत्तर प्रदेश) वर्तमान में माकड़ी में मैकेनिक का कार्य करते हैं। पीड़ित ने बताया कि 17 जनवरी को वह अपना काम समाप्त कर भोजन लेने के लिए ग्राम माकड़ी स्थित छत्तीसगढ़ी ढाबा गया था, वहां दाल लेने की बात को लेकर ढाबा संचालक द्वारा उसके साथ गंदी-गंदी गालियां दी गईं और उसे ढाबे से भगा दिया गया। पीड़ित के अनुसार वह वहां से लौटकर अपने कार्यस्थल पहुंच गया। इसी दौरान करीब दोपहर 3 बजे ढाबा संचालक मदन यादव अपने साथियों मनीष यादव एवं मोहन यादव के साथ उसके यार्ड में पहुंचा। तीनों आरोपियों ने एकजुट होकर उसे मां-बहन की अश्लील गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में पंकज यादव के कान सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना से भयभीत होकर पंकज यादव जान बचाने के लिए अभनपुर (रायपुर) चला गया। बाद में अपने मालिक को जानकारी देने के पश्चात वह वापस माकड़ी, कांकेर लौटा और थाना कांकेर में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। पीड़ित के आवेदन के आधार पर पुलिस ने आरोपी मदन यादव, मनीष यादव एवं मोहन यादव, निवासी माकड़ी के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सिटी कोतवाली की टीम की सतर्कता बनी मिसाल, लौटाया कीमती सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने अपनी सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। आम नागरिकों की सुरक्षा और विश्वास को मजबूत करने वाली यह घटना पुलिस की संवेदनशील कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

जानकारी के अनुसार 28 जनवरी की रात को सिटी कोतवाली की पुलिस टीम नियमित पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान ज्ञानी चौक क्षेत्र में पुलिस को एक लावारिस लाल रंग का ट्रॉली बैग दिखाई दिया। संभावित खतरे और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बैग को थाना लाकर सुरक्षित रखा। इसकी खबर आसपास के लोगों को दिया गया और बैग का मालिक बैग को पाने के लिए कोतवाली पहुँचा। विधिवत पहचान एवं जांच के दौरान बैग में लगभग एक लाख मूल्य के सोने के आभूषण तथा 2,000 रूपएं नगद पाए गए। सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर पुलिस द्वारा बैग एवं उसमें रखी समस्त सामग्री को सुरक्षित रूप से वास्तविक स्वामी को सुपुर्द किया गया। पुलिस की इस त्वरित, सतर्क और ईमानदार कार्रवाई से क्षेत्र में नागरिकों के बीच सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई है। स्थानीय लोगों ने कांकेर पुलिस की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय कार्य बताया।

कांकेर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी कोई लावारिस या संदिग्ध वस्तु दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। कोतवाली पुलिस की यह पहल न सिर्फ कानून-व्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि समाज में भरोसे और सुरक्षा का संदेश भी देती है।

## पेज 11 के शेष...

### छात्राओं की जिंदगी...

पटेल मेहत्तरराम दीवान, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तेजप्रताप आमले, प्राचार्य सुशील कुमार साहू, राहुल जाम्बुरकर, नरेश दीवान, राजकुमार उसेंडी उपस्थित रहें।

### नक्सलियों की बड़ी...

बरामद सामग्री के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही नक्सलियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह पूरी मुस्तैदी के साथ जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास का माहौल कायम रखा जा सके।

### जाँच रिपोर्ट में...

कमरों में घुस गया, देखते ही देखते बच्चों को आंखों में जलन, सीने में दर्द और सांस लेने में भारी तकलीफ होने लगी। स्कूल प्रबंधन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत छुट्टी कर दी, लेकिन घर पहुँचते-पहुँचते बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में 108 एम्बुलेंस की मदद से बीमार बच्चों को पखांजूर स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभावित बच्चों में मिष्ठी मंडल, सुपर्णा कुंडू, आखी मंडल, ब्यूटी शील, कावेरी मंडल, तनुका मंडल, सुजय कर्मकार और नैना कर्मकार शामिल थे, जिनका इलाज मिलने के बाद बच्चे स्वस्थ हो गए थे।

## खबर संक्षेप

### सक्षम विद्यालय ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**गीदम।** 77वें भारत गणतंत्र दिवस समारोह जिला मुख्यालय में अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाया गया। आयोजित समारोह में परेड, विभिन्न विभागों का झांकी प्रदर्शन के साथ साथ छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुरंगी मनमोहक सामूहिक लोक नृत्यों एवं देशभक्ति से गणतंत्र दिवस समारोह में चार चांद लगा दिए। गीदम विकासखंड के अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित सक्षम विशेष बाधारहित आवासीय विद्यालय के छात्र- छात्राओं की प्रस्तुति में संस्कृति एवं एकता का समावेश रहा। सक्षम विद्यालय के बच्चों ने बस्तर पंडुम एवं छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति विषय पर नृत्य प्रस्तुति दी। 77वें भारत गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह में सक्षम विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव के करकमलों से प्रथम पुरस्कार शील्ड से बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

### नवसाक्षरों के किए कार्यों की सराहना



**गीदम।** गीदम विकासखंड अंतर्गत सभी शालाओं में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत उल्लास मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवसाक्षरों ने विभिन्न प्रकार के शिक्षण-अधिगम सामग्री के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। मेले में ग्रामीण जनों, अभिभावकों एवं उपस्थित अतिथियों ने सभी काउंटरों का भ्रमण किया तथा नवसाक्षरों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नवसाक्षरों में आत्मविश्वास एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गीदम भवानी पुनेम ने अपने वक्तव्य में कहा कि उल्लास साक्षरता कार्यक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। नवसाक्षरों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियां अत्यंत प्रेरणादायक हैं।

### जल जीवन मिशन गांव आया, बच्चों सयानों के लिए खुशियां लाया



**दंतेवाड़ा।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विशेष सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता, जिला जल स्वच्छता समिति के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कोरर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
**रा.मा.क्र./202601140100004/2025-2026, विषय-अ-21(2)(अनुसूचित जनजाति से भिन्न के भूमि के अंतरण की अनुमति) ग्राम सेलेगांव प.ह.न. 20**

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेलेगांव के आमजनता को सूचित किया जाता है कि प्रकरण आवेदक विष्णुराम पिता फागूराम जाति तेली निवासी ग्राम सेलेगांव वार्ड नबंर 08 तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम सेलेगांव पटवारी हल्का नबंर 20 तहसील को भानुप्रतापपुर में स्थित भूमि खसरा नबंर 108/2 रकबा 0.09 हेक्टयर परिवर्तित लगान 198.00 रूपये है को कर्ज अदायगी हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक क्रेता चमनलाल साहू पिता फागूराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम वार्ड नबंर 08 सेलेगांव तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 3,24000.00 (तीन लाख चौबीस हजार रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर के समक्ष आवेदन पेश करने पर अनुविभागीय (राजस्व) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (6 ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जाँच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है । अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथी 9/2/2026 तक पेश कर सकतें है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेपों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 23/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से निष्पादित किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
कोरर

# नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुति ने मन मोह लिया और तालियां बटोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल रहे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतूराम कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष नरेश खापर्डे एवं बीईओ शालिनी तिवारी कीउपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे ने दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, सह शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यालय की प्रगति का विस्तृत विवरण दिया गया। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उनके निष्ठावान एवं समर्पित प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप ले सका। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों लिटिल चैंप्स द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं गीत ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और भरपूर तालियां बटोरीं।

मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यालय के विकास हेतु विद्यालय के मुख्य द्वार सौंदर्यीकरण के लिए 3 लाख रुपये की घोषणा की, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण बना। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य जयंती पिल्लै द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि, समस्त विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह वार्षिकोत्सव विद्यालय परिवार के लिए एक स्मरणीय एवं प्रेरणादायी अवसर सिद्ध हुआ।

## महात्मा गांधी के नाम और विचारधारा को मिटाने की साजिश

# मनरेगा को कमजोर करना गरीबों के अधिकारों पर हमला : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विधायक लखेश्वर बघेल ने केंद्र सरकार की मनरेगा नीति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मनरेगा कोई सामान्य योजना नहीं, बल्कि गरीबों को काम पाने का संवैधानिक अधिकार था। इसे कमजोर करना और निरस्त करने की दिशा में कदम बढ़ाना महात्मा गांधी के नाम और उनके विचारों को जनता की स्मृति से मिटाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य देश के गरीब, मजदूर, वंचित और जरूरतमंद वर्ग को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना था।



■ **भ्रष्टाचार बढ़ेगा और गरीब मजदूर फिर से शोषण के चक्र में फंस जाएगा : गोपाल**

यह योजना अधिकार आधारित कानून के रूप में लाई गई थी, ताकि कोई भी गरीब व्यक्ति काम मांग सके और उसे काम मिलना सुनिश्चित हो। इस कानून की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इसे पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से लागू किया गया, जिससे गांव स्तर पर रोजगार सृजन हो और ग्रामीण पलायन रुके।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मनरेगा की उसी मूल भावना को खत्म करना चाहती है सरकार अधिकार शब्द से डरती है, क्योंकि अधिकार मिलने से गरीब सवाल पूछता है। आरोप लगाया कि नए प्रावधानों के तहत केंद्र सरकार यह तय करेगी कि कहां काम होगा और किसे पैसा मिलेगा। इससे भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी और गैर-भाजपा राज्यों के साथ अन्याय होगा यह न केवल संघीय ढांचे को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी प्रहार है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व केंद्र सरकार तीन काले कृषि कानून लेकर आई थी, लेकिन किसानों के एकजुट संघर्ष के सामने सरकार को झुकना पड़ा और कानून वापस लेना पड़ा। यह साफ प्रमाण है कि जब जनता संगठित होकर आवाज उठाती है, तो तानाशाही फैसलों को भी रोका जा सकता है।

इस अवसर पर बघेल ने छिंदगांव जैबेल धान खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से बातचीत कर धान खरीदी की प्रक्रिया, टोकन व्यवस्था, भुगतान और अन्य समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले।

बस्तर विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप ने कहा कि मजदूरों का पैसा ठेकेदारों और अफसरों को देने की तैयारी पहले मनरेगा के तहत जो पैसा सीधे मजदूरों को मिलता था, अब उसे ठेकेदारों और अधिकारियों के माध्यम से खर्च करने की योजना बनाई जा रही है इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा और गरीब मजदूर फिर से शोषण के चक्र में फंस जाएगा। मानसिंह कवासी ने आरोप लगाया कि कुछ पूंजीपतियों के लिए देश चलाने की सोच भाजपा चाहती है कि देश की संपत्ति कुछ गिने-चुने पूंजीपतियों के हाथों में सिमट जाए और आम गरीब जनता उन्हीं पर निर्भर रहे। भाजपा का आदर्श भारत वह है, जहां राजा ही सब कुछ तय करे और गरीब सिर्फ आदेश माने।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सोनाधर बघेल, गोपाल कश्यप, मानसिंह कवासी, धनुर्जय कश्यप, शोभामणी दास, विजय दास,घनश्याम नाग, डोमुधर, कुलधर कश्यप, दुमेस्वर, शरद कश्यप, भोलेश्वर कश्यप, मेघनाथ कश्यप, मोहन लाल, जोगेंद्र, सेंदुरलाल, फरशु कश्यप, सोनू, गुप्ती बघेल, मंगलदई, बैशाखु, उर्दव सोनी, निलकुमार, दयमन कश्यप एवं समस्त कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत रोजगार दिए जाने वाले नाम का परिवर्तन एवमं अधिनियम में परिवर्तन को लेकर कांग्रेस लगातार हल्ला बोल रही है। ब्लॉक स्तर पर जारी कार्यक्रमों के तौर पर कांग्रेस अपने पदाधिकारियों एवमं पार्टी कार्यकार्ताओं के साथ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच भाजपा की मंशा गिनाते हुए इस का विरोध कर रही है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के नाम बदल दिए जाने तथा अब विकसित भारत-जी राम जी का नाम दिए जाने पर कांग्रेस लगातार भाजपा को घेर रही है। कोंटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले बंडा ग्राम पंचायत से नवनियुक्त कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष उस्मान अली के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत की गई। प्रदेश कांग्रेस व जिला कांग्रेस के निर्देशों का पालन करते हुए कांग्रेस गांव गांव पदयात्रा के तहत पहुँच महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के नियमों को भाजपा द्वारा बदले जाने की बात करते इसका विरोध कर रही है। बंडा क्षेत्र से शुरुआत अभियान बीते दिनों जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश कावासी के मुख्यअतिथि में वांजमगुड़ा से प्रारंभ होकर मेटागुड़ा आसिरगुड़ा इंजरम होते हुए फंदीगुड़ा में भव्य रूप से समापन हुआ। पदयात्रा का उद्देश्य मनरेगा योजना की रक्षा, मज़दूरों के अधिकारों की आवाज़ बुलंद करना और ग्रामीण रोज़गार को मजबूत करना रहा। इस दौरान हरीश कवासी के साथ उस्मान अली बोड्डु राजा सोयम भीमा जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं मज़दूर साथी शामिल हुए।

कोंटा में मनरेगा बचाओ पदयात्रा के रूप चल रही यह अभियान आज मराईगुड़ा पंचायत में एक महत्वपूर्ण जन जागरूकता कार्यक्रम में पहुंची। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कोंटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उस्मान अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को मनरेगा योजना की महत्ता, मजदूरों के अधिकार तथा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने के प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों एवं आदिवासी समुदाय के लिए रोजगार की रीढ़ है।

# देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

राज्य के अंतिम छोर पर बसा कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में कोंटा पत्रकार संघ की ओर से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलित भारत माता की पूजा अर्चना एवं शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे की छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित मौन धारण कर राज्यगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

तत्पश्चात एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमीत ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रजत नाग, दोरनापाल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी निशांत पाठक, तहसीलदार गिरीश

■ **संस्थाओं, शहीद परिवारजों सहित वरिष्ठ जनों अधिकारियों का हुआ सम्मान**

निंबलकर, बीईओ श्रीनिवास राव, थाना प्रभारी सलीम काका, सीएमओ नपं झम्मन लाल साहू, बीआरसी वीरभद्र राव, मंडल संयोजक श्रीनिवास राव सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उस्मान अली, सीपीआई नेता रमनाराव, पार्षद प्रियंका, पार्षद पी विजय, अन्नपूर्णा दुबे, सेवा निवृत्त शिक्षक सीएच राजशेखर, शिक्षिका सच्चवती नाग का पत्रकारों ने स्वागत किया। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में संचालित 10 शैक्षणिक संस्थाओं ने सांस्कृतिक देश भक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किए प्रतिभागियों का चयन वरिष्ठ शिक्षक सीएच राजशेखर और शिक्षिका सच्चवती नाग ने किया। इस बीच पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार के हरिसिंह का शाल व श्रीफल से सम्मान करते हुए । कोंटा क्षेत्र से नक्सल मोर्चे पर शहादत हासिल किए शहीद परिवारों का शाल व श्रीफल के साथ आला अधिकारियों हाथों सम्मान कराया गया। कार्यक्रम की सराहना मुख्य अतिथियों के तौर पहुंचे आला अधिकारीगण एवं राजनितिक दलों से जुड़े वरिष्ठ जनों ने की। कार्यक्रमों की प्रस्तुति स्वामी आत्मानंद विद्यालय, डीएव्ही विद्यालय, ज्योति कॉमेंट, एकलव्य विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम, पीएमटी बॉयज छात्रावास, पोटाकेबिन, नवीन शासकीय महाविद्यालय के अध्ययनरत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चों द्वारा दी गई। जिसमें प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम, द्वितीय स्थान एकलव्य विद्यालय तथा तृतीय नवीन शासकीय महाविद्यालय रहा। जिन्हें शील्ड एवमं सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जगमोहन ने की तो वहीं आभार व्यक्त पत्रकार तपन ठाकुर ने किया।





एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम

### पत्रकार समाज का दर्पण : एसडीएम

कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला ने एक शाम शहीदो के नाम कार्यक्रम में पत्रकारों के कर्तव्यों को गिनाते हुए कहा बस्तर में शांति बहाली के लिए जिन वीर जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देते हुए शांति स्थापना के दिशा में जो कार्य किया उन्हें सादर नमन करता हूं। शहादत केवल जीवन का नहीं शहादत अमूल्य समय का भी होता है। पत्रकार समाज का दर्पण है। बस्तर में शांति बहाली के करीब पहुंचने के साथ पत्रकारों की भूमिकाएं और बढ़ने तथा शासन प्रशासन के द्वारा बीहड़ जंगलों में पहुंच अपनी सेवा दिए जाने मिलकर काम करने की अपेक्षा जाहिर करते हुए पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने पर बल दिया। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष अतिथि के तौर पर पहुंचे दोरनापाल एसडीओपी निशांत पाठक ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा जैसे एक मां का दुख बेटे को खो देने तथा एक पत्नी का दुख एक पति को खो देने पर नहीं लिखा जा सकता वैसे ही आप लोग किस सम्मान के हकदार हैं उसके लिए भाषा में शब्द कम पड़ जाएंगे।

## देशभक्ति के रंग में रंगा नगर, राष्ट्रगान का वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर के सभी शासकीय, अर्धशासकीय व शैक्षणिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया तथा पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। नगर पालिका प्रांगण के साथ साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल पीएम श्री विद्यालय प्रांगण में नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक रूप से राष्ट्र गान का वंदन किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने समस्त नगर वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री का संसद वाचन पश्चात नगर के सभी शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राजू जायसवाल द्वारा समस्त प्रतिभागी बच्चों को इनाम वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष के साथ समस्त पार्षद गण, पालिका अधिकारी कर्मचारी, समस्त शालाओं के अध्यापक प्राचार्य विद्यार्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता तथा आम जन उपस्थित थे। बचेली उच्चतर माध्यमिक शाला में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती ने तिरंगा फहराया। पीएम श्री प्राथमिक शाला में पार्षद दीपक सरकार, डीएनके 2 प्राथमिक शाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित सरकार, लेबरहाटमेंट प्राथमिक शाला में ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह, प्राथमिक शाला रेलवे कॉलोनी में पार्षद श्याम लाल सेठिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सलामी दी गई।

### बाबा रामदेव मंदिर में माघ मेला



**गीदम।** बाबा रामदेव का माघ मेला महोत्सव प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी माघ सुदी दूज से माघ सुदी दशम तक गीदम नगर में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। मेला में प्रतिदिन सुबह और शाम आरती की गई। माघ सुदी छठ को ध्वजा परिवर्तन किया गया और सुदी माघ नवमी को महाआरती का आयोजन किया गया। माघ सुदी दशम को आरती के पश्चात भखारा से आए गायक जीतू पारख के द्वारा संपूर्ण रात्रि बाबा के भजनों के द्वारा जम्मा जागरण किया गया। श्रोताओं ने सुमधुर गीतों का बहुत आनंद लिया। युवा संघ के द्वारा लक्की ड्रा भी निकाला गया, जिसमें कई लोगों ने भाग लिया और पुरस्कार जीते। इस आयोजन में बाबा रामदेव समिति, युवा संघ और समस्त भक्तगण गीदम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन बाबा रामदेव के प्रति श्रद्धालुओं की भक्ति और आस्था का प्रतीक है।

### कलेक्टर और सीईओ मेला में हुए शामिल



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने बीजापुर ब्लॉक के अत्यंत सुदूर और संवेदनशील क्षेत्र कमकानार पहुंच कर माता गुड़ी देवी तुलडोकरी के भव्य और विशाल मेले में पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिए। यह विशाल मेला प्रतिवर्ष धूमधाम से आयोजित होता है जिसमें उड़ीसा तेलंगाना महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश सहित दूर दराज के श्रद्धालु गण आते है। कलेक्टर एवं सीईओ के मेला आगमन पर ग्रामीणों ने आत्मीयता पूर्वक स्वागतम किए। वहीं सरपंच राजमती ओयाम पुजारी वेंकटराव मंदिर समिति के मुखिया संजय कुमार उइका सहित ग्रामीणों ने मूल भूत समस्याओं और मांगो से अवगत कराया। जिसमें बिजली पानी सड़क पुल शामिल है। कलेक्टर ने पूर्व में स्वीकृत दो स्कूल भवन और आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य जल्द शुरू करने को कहा वहीं शेष मांगों का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत बीजापुर पीआर साहू भी मौजूद थे।

### यातायात सप्ताह पर थाना में जागरुकता कार्यक्रम



**बस्तर।** यातायात सप्ताह दिवस के अवसर पर पुलिस थाना बस्तर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े एवं एसआई अरुण सिन्हा ने जानकारी दी की मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करने और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक करना था। ऑनलाइन कोरियर सर्विस के डिलवरी बॉय को थाना परिसर में उपस्थित कराया गया, जिन्हें हेलमेट सहित उपस्थित होने निर्देश किया गया था। उन्हें यातायात नियमों का पालन करने और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने की समझाइश दी गई। उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाईश दी गई, जिससे वे गन्तव्य रवाना हुए और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### नवसाक्षरों ने दिखाई प्रतिभा



**बस्तर।** केंद्र सरकार की अनूठी पहल उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम के तहत बस्तर विकासखंड के सभी ग्रामों में उल्लास मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में नवसाक्षरों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नवसाक्षरों ने 14 प्रकार के स्टॉल लगाकर अपने द्वारा सीखे गए अक्षर ज्ञान, लिखना और पढ़ने की जानकारी साझा की। शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधियों और ग्राम सरपंचों का भरपूर सहयोग मिला। उल्लास नवभारत विकासखंड नोडल और सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि इस मेले की तैयारी एक सप्ताह से चल रही थी। उन्होंने कहा कि नवसाक्षर का सर्वे कार्य निरंतर किया जाएगा और बस्तर ब्लॉक को पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य जल्द पूरा किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### महिला आईटीआई में हुए विविध कार्यक्रम

**कांकेर।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा महिला आईटीआई में बुधवार 28 जनवरी को स्वच्छता पखवाड़ा पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अरूण कौशिक उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़े पर चित्रकला प्रतियोगिता, गीत, नुक्कड़ नाटक, रैली, प्रश्न मंच तथा चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता की जानकारी दी गई।

### देवांगन समाज ने मनाई माता परमेश्वरी जयंती



**अंतागढ़।** देवांगन समाज की आराध्य देवी माता परमेश्वरी की जयंती अंतागढ़ के ताड़ोकी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। समाज के लोगों ने माता परमेश्वरी के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को शिक्षित और संगठित बनाना ही जयंती की असली सार्थकता को बताया। कार्यक्रम में अजीत देवांगन, देवी प्रसाद देवांगन, लालाराम देवांगन, रामकुमार देवांगन, प्रवीण देवांगन, राधेश्याम देवांगन, कमलेश देवांगन, सोमेश्वर देवांगन, रामविलास देवांगन, भूषण देवांगन, कमलेश देवांगन, कमलेश देवांगन, अभिषेक देवांगन,गोपी देवांगन, कमलेश देवांगन, छोटेलाल देवांगन अन्य लोग शामिल हुए।

### जागरूकता अभियान में किसानों को दी जानकारी

**कांकेर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगरभाट के चतुर्थ वर्ष के रावे व रेडी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने किसानों को गेहूँ के बीज उत्पादन की उन्नत तकनीकों, मुख्य कीट एवं रोग प्रबंधन की आधुनिक विधियों, सरसों एवं चना की उन्नत फसल उत्पादन पद्धतियों तथा गेहूँ सघनीकरण प्रणाली के पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेस की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर लागत कम करते हुए उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है।

### 26 बालिकाओं को मिली सरस्वती सायकिल



**दुर्गूकोंदल।** शाउमावि कोड़ेकुर्से में नवमीं में अध्ययनरत 26 बालिकाओं को भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने सायकल का वितरया किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, नारायण पटेल, महत्तम दुग्गा, नरेंद्र जैन, निर्मला कोवाची, साधना सहारे, जवाहर ठाकुर, हीरालाल कोमरे, रजमन कोवाची, रघुनंदन गोस्वामी, नरेंद्र पटेल, दीनदयाल पटेल, सोमदेव कोरेटी, सियाराम दर्रो, परमेश बघेल के अलावा प्राचार्य थानेश्वर प्रसाद चंद्राकर, शिक्षक शेष कुमार उयके उपस्थित रहे।

संपूर्णता अभियान 2.0 का जिले में शुभारंभ, आकांक्षी ब्लॉकों में विकास को मिलेगी नई रफ्तार

# अधिकारी व मैदानी अमले के समन्वित प्रयास के कांकेर को मिलेगी नई पहचान : विधायक नेताम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर





स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और कृषि के क्षेत्र में शत-प्रतिशत उपलब्धि के लक्ष्य के साथ कांकेर जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 का औपचारिक शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित आकांक्षी ब्लॉक की महत्वपूर्ण बैठक में कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने अधिकारियों और मैदानी अमलों से आह्वान किया कि वे समन्वित प्रयासों से जिले की एक पृथक और उत्कृष्ट पहचान स्थापित करें। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस अभियान में सभी संबंधित विभाग नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों के अनुरूप योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का उद्देश्य केवल लक्ष्य पूर्ति नहीं, बल्कि धरातल पर वास्तविक और स्थायी बदलाव लाना है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं कृषि जैसे बुनियादी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल कर ही जिले को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत संचालित आकांक्षी ब्लॉक अभियान सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि यह अभियान कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के साथ हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। विधायक ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को निर्धारित संकेतकों के अनुरूप शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की शपथ दिलाई।

### संपूर्णता अभियान 2.0 में रखे गए लक्ष्य

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत एक राष्ट्रव्यापी जन-अभियान है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि से जुड़े प्रमुख विकास संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना है। कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल ब्लॉक को इस अभियान में शामिल किया गया है। अभियान के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित पूरक पोषण, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की माप-दक्षता, कार्यशील शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल सुविधा, विद्यालयों में बालिका शौचालय, गोवंश पशुओं का एफएमडी टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण संकेतकों पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

### पूर्व में पा चुके हैं रजत पदक

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक संकेतकों के बेहतर क्रियान्वयन के चलते दुर्गूकोंदल ब्लॉक को पूर्व में रजत पदक प्राप्त हुआ था। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी विभागों के आपसी समन्वय और फेलो के सक्रिय सहयोग से इस वर्ष कांकेर जिला स्वर्ण पदक प्राप्त करने में सफल होगा।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, डीएमसी नवनीति पटेल, महिला बाल विकास अधिकारी विपिन जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल ब्लॉक के सीईओ एवं फेलो उपस्थित रहे।

# विधायक सावित्री ने गुरवंडी के खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मगहूर के आश्रित ग्राम गुरवंडी में आयोजित कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। खेलकूद से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल लोगों के मनोरंजन का भी सशक्त माध्यम है और इससे छोटे बच्चों को सीखने एवं आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। विधायक ने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं में अपार क्षमता है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की है। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने ग्राम गुरवंडी में टीनशेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की घोषणा भी की, जिससे कार्यक्रम स्थल एवं ग्रामीण आयोजनों को सुविधा मिल सकेगी। उनकी इस घोषणा पर ग्रामीणों ने तालियों के साथ आभार व्यक्त किया। समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच फुलेश्वरी कड़ियाम, गोपी बढ़ाई, आनंद तेता, सुशीला गावड़े, हुमन मरकाम, लक्ष्मण दुग्गा, मुकेश्वरी कश्यप, धनसाय दुग्गा, गितेश दुग्गा, समरी बाई तुलावी, शिव कोवाची, धनिराम गोटा, राजेश गोटा, हीरालाल कोमरा, संजू राना सहित ग्रामीणजन, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# धान खरीदी में अनियमितता व करोड़ों के गबन की आशंका की जांच जरूरी




**सरोना।** सरोना तहसील अंतर्गत संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अभनपुर के धान खरीदी उपार्जन केंद्र का ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रोहिदास शोरी के नेतृत्व में औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में ब्लाक कांग्रेस प्रभारी कमल ध्रुवा, मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर एवं सेक्टर प्रभारी अजय नेताम भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अभनपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याएं नेताओं के सामने रखीं। निरीक्षण के दौरान सभी टोकनधारी किसानों से धान खरीदी की प्रक्रिया, बोरे के वजन, नापतोल और मापदंडों की जानकारी ली गई। किसानों ने बताया कि कई बार बोरे का वजन सही नहीं लिया जाता और नापतोल में भी गड़बड़ी की शिकायतें सामने आती रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने मौके पर ही धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लिया और कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कांग्रेस नेताओं ने हाल ही में सामने आई एक गंभीर जानकारी पर भी सवाल खड़े किए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 7 करोड़ रुपए की धान को चुहे यानी मुसवा खा गए, ऐसा बताया जा रहा है। नेताओं ने इस दावे को बेहद ही चौंकाने वाला और अविश्वसनीय बताया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रकाश नेताम, मिथलेश वट्टी, भुनेश्वर नेताम, महेश वट्टी, महजंन टेकाम, अजय गोवर्धन जैन, दौलत कोड़ोपी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# डांगरा खदान में रेत की अवैध लोडिंग करते चेन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के तहसीलदार इन दिनों रेत खदानों में चैन माउंटेन से रेत खनन कार्य रोकने लामबंद हो गए हैं और साथ ही हाईवा वाहनों के चलने से सड़क खराब होने से भी तहसीलदार चिंतित हैं। तहसीलदार चाहते हैं कि रेत खदानों में चैन माउंटेन से रेत खनन कार्य पूर्णतः बंद हो और मजदूरों के माध्यम से लोडिंग का कार्य हो, इसलिए तहसीलदार अलर्ट हो गए हैं।

दुर्गुकोंदल तहसीलदार के निर्देश पर नायब तहसीलदार गुरूवार को डांगरा खदान पहुंचे और चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया है। तहसील दुर्गुकोंदल के अंतर्गत 5 रेत खदान चल रहे हैं। सटेली, डंडईखेड़ा अवैध खदान हैं, जबकि डांगरा, भेलवापानी, गुदुम वैध खदान हैं, लेकिन किसी खदान में चैन माउंटेन मशीन से रेत की खुदाई ना हो। वैध खदानों में चैन माउंटेन मशीन से खुदाई पूर्णतः बंद हो। ग्रामीण अंचल की सड़कें खराब हो रहे है एवं आवागमन करने वालों को भारी खतरा है, इस कारण तहसीलदार दुर्गुकोंदल के द्वारा रेत खदानों के खिलाफ हो रही कार्रवाई काफी सराहना हो रही है। तहसीलदार के निर्देश पर नायब तहसीलदार दुर्गुकोंदल, आरआई दुर्गुकोंदल, पटवारी डांगरा के द्वारा रेत खदान डांगरा से 100 मीटर दूर खड़े चैन माउंटेन मशीन को जप्त करने से दुर्गुकोंदल में संचालित वैध और अवैध रेत खदान संचालकों में हड़कंप मची हुई है। डांगरा रेत खदान से 100 मीटर दूर खड़ी चैन माउंटेन मशीन को जप्त कार्रवाई के बाद से दुर्गुकोंदल के अन्य 4 खदानों के संचालक अपने चैन माउंटेन मशीन को समेटने में लगे हुए हैं। दुर्गुकोंदल में रेत की 5 खदानें चल रहे हैं और रेत चैन माउंटेन मशीन से खुदाई कर लोडिंग की जा रही है व हाईवा वाहनों के चलने से सड़क खराब हो रहे हैं।

दुर्गुकोंदल के तहसीलदार डांगरा खदान से चैन माउंटेन मशीन जप्त कार्रवाई करवाई है। तरह दुर्गुकोंदल के सटेली, भेलवापानी, गुदुम, डंडईखेड़ा रेत खदान में कार्रवाई करने की मांग किया है। यदि खदानों से चैन माउंटेन मशीन जप्त नहीं हुई और ग्रामीण सड़कों से हाईवा मशीनों की आवाजाही पर रोक नहीं लगाई गई तो 2 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन, चक्काजाम एवं भूख हड़ताल करने बाध्य होंगे।

# जनकपुर मिर्चीपारा के बाद अब डोंगरगांव में जल संसाधन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों में





हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

जल संसाधन विभाग में मनरेगा कार्यों को लेकर लगातार सामने आ रहे मामलों ने शासन की पारदर्शी योजनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनकपुर और मिर्चीपारा के बाद अब डोंगरगांव क्षेत्र में भी मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का नगद भुगतान किए जाने का मामला उजागर हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों के विपरीत नगद भुगतान कर विभाग द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया गया है।

डोंगरगांव के रारवही नहर लाइनिंग एवं वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य में बड़ी संख्या में मजदूरों से काम कराया गया था, लेकिन महीनों तक उनका भुगतान लंबित रखा गया। जब इस संबंध में शिकायतें सामने आने लगीं, तो विभागीय अधिकारियों ने आनन-फानन में मजदूरों को नगद भुगतान कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार यह कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत कराया गया था, जिसमें मजदूरी का भुगतान केवल श्रमिकों के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। ग्रामीणों का कहना है कि न केवल मजदूरों को, बल्कि कार्य में मटेरियल उपलब्ध कराने वाले दुकानदारों को भी नगद भुगतान किया गया। डोंगरगांव के ग्रामीण सेवक राम, घुराऊ राम, मंगली बाई एवं अनिल कावड़े ने बताया कि वर्ष 2025 में रारवही नहर लाइनिंग कार्य में मजदूरी की गई थी, जिसका लगभग 70 हजार रुपये भुगतान लंबे समय से लंबित था। बीते सप्ताह अचानक सभी मजदूरों को नगद भुगतान कर दिया गया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह राशि किस मद से दी गई। मिर्चीपारा क्षेत्र में भी नगद भुगतान का आश्वासन देकर नहर मरम्मत कार्य कराए जाने की बात सामने आई थी। ग्रामीण दिलीप कोरेटी एवं चिंताराम ने बताया था कि अधिकारियों द्वारा काम तो कराया गया, लेकिन समय पर भुगतान नहीं किया गया। इस मामले में विभाग के कुछ अधिकारियों के नाम भी सामने आए थे। मामले को और गंभीर बनाते हुए ग्राम पंचायत घोठा के पूर्व सरपंच रामप्रसाद कावड़े ने आरोप लगाया था कि जनकपुर नहर लाइनिंग कार्य के दौरान जल संसाधन विभाग के एसडीओ के कहने पर गांव के लोगों से 70 ट्रिप रेत मंगवाई गई। इस दौरान पहले 25 हजार रुपए नगद एडवांस दिया गया, जबकि शेष 45 हजार रुपए शिकायत के बाद नगद भुगतान किए गए।

# मानवता की मिसाल, जन सहयोग से मरणासन्न को मिला जीवन दान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



बेबसी से जहाँ अक्सर लोग मुँह मोड़ लेते हैं, वहीं समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि संवेदनशीलता और तत्परता से किसी की बुझती साँसों में भी नई उम्मीद भरी जा सकती है। कई दिनों से भूख और बीमारी से जूझ रहे एक मरणासन्न व्यक्ति को समय पर सहायता देकर नया जीवन दे दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को जानकारी मिली कि बरदेभाटा स्थित आर मिल के पास एक टी-स्टॉल के समीप एक व्यक्ति कई दिनों से भूखा पड़ा है, जो मुश्किल से चल-फिरकर भीख माँगता है और अब उसकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी है। जानकारी मिलते ही मौके पर संस्था अध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। मौके पर मिला व्यक्ति आसाराम था, जो विश्रामपुरी क्षेत्र का निवासी है, उसकी हालत अत्यंत दयनीय और मरणासन्न अवस्था थी। संस्था अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने बिना देर किए उसे नहलाया, स्वच्छ वस्त्र पहनाए, पौष्टिक भोजन कराया और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था करवाया। सेवा और देखभाल का असर जल्द ही दिखाई दिया और बीमार बुजुर्ग की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इस पुण्य सेवा कार्य में आरबीएस बघेल, अखिलेश साहू, राम पटेल, आशुतोष देव, करण नेताम, नोहर यादव, राकेश नाग, मोहन साहू, पप्पू सेन सहित अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि फिलहाल आसाराम की चिकित्सा जारी है और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद उसके गांव-घर का पता लगाकर उसे उसके परिजनों तक पहुँचाया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जन सहयोग की टीम नहीं पहुँचती, तो उक्त व्यक्ति का बच पाना लगभग असंभव था।

## जीवन बीमा स्थापना दिवस 2 फरवरी को

**कांकेर।** डाक विभाग द्वारा 02 फरवरी को डाक जीवन बीमा स्थापना दिवस पूरे देश के साथ साथ बस्तर डाक मंडल में भी उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर आम जनता को बीमा सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष महालॉगिन अभियान का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1995 में ग्रामीण डाक जीवन बीमा की शुरुआत की गई। महालॉगिन अभियान के दौरान बस्तर डाक संभाग द्वारा लगभग छः करोड़ पचास लाख के प्रीमियम व्यवसाय की उपलब्धि का लक्ष्य रखा गया है।

सुयश हॉस्पिटल
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411